भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3369

जिसका उत्तर 09 अगस्त, 2023 को दिया जाना है

इको-पार्क और खनन पर्यटन

3369. श्री असादुद्दीन ओवैसी:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक राज्य में स्थापित किए गए इको-पार्कों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और उनकी संख्या कितनी है;

(ख) प्रत्येक इको-पार्क परियोजना को पूरा करने में लगने वाला समय तथा इसके लिए आबंटित की गई प्रारंभिक धनराशि और आवश्यक अतिरिक्त धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार खनन क्षेत्रों में इको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नए इको पार्कों की स्थापना करने की योजना बना रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए कितनी अनुमानित धनराशि की आवश्यकता है; और

(ङ) क्या इको-पार्कों और खान-पर्यटन से प्राप्त राजस्व का उपयोग स्थानीय लोगों की जीवन-दशा सुधारने हेतु खनन-क्षेत्रों का विकास करने के लिए किया जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) और (ख) : कोयला/लिग्नाइट पीएसयू ने पिछले 5 वर्षों के दौरान 15 इको-पार्कों की स्थापना की है। सरकार द्वारा इको-पार्कों के लिए कोई निधि आबंटित नहीं की गई है। इको-पार्कों की स्थापना, अनुरक्षण और रखरखाव पर व्यय का वित्तपोषण संबंधित कोयला/लिग्नाइट पीएसयू द्वारा किया जाता है। इको-पार्कों को पूरा करने में लगने वाले समय, कोयला/लिग्नाइट पीएसयू द्वारा आबंटित की गई प्रारंभिक धनराशि और आवश्यक अतिरिक्त धनराशि के ब्यौरे सहित इको-पार्कों का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग) और (घ) : जी, हां। कोयला/लिग्नाइट पीएसयू द्वारा नए इको-पार्कों के लिए अनुमानित धनराशि का ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ड.) : जी, नहीं। कोयला/लिग्नाइट पीएसयू द्वारा आस-पास के क्षेत्रों के मनोरंजन के लिए इको-पार्क तैयार किए गए थे और इन इको-पार्कों से प्राप्त राजस्व को खनन क्षेत्रों के विकास पर खर्च नहीं किया जाता है। तथापि, खान पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केनापारा इको-पार्क, एसईसीएल, छत्तीसगढ़ का संचालन और अनुरक्षण स्थानीय स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जाता है। ये स्वयं सहायता समूह अपने जीवनयापन के लिए केनापारा इको-पार्क के फ्लोटिंग रेस्तरां, मत्स्य पालन और नौकायन सुविधाओं से भी राजस्व अर्जित कर रहे हैं।

****

अनुबंध-I

पिछले पांच वर्षों के दौरान कोयला/लिग्नाइट पीएसयू द्वारा स्थापित किए गए इको-पार्कों का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	राज्य	इको-पार्क का नाम	पूरा होने का समय (दिनों में)	आवंटित धनराशि (लाख रु. में)	अतिरिक्त धनराशि (लाख रु. में)
1.	2019-20	छत्तीसगढ़	केनापारा इको-पार्क, एसईसीएल	548	197.00	-
2.	2020-21	झारखंड	पारसनाथ उद्यान, बीसीसीएल	365	57.00	-
3.	2020-21	तमिलनाडु	खान-I इको-पार्क, एनएलसीआईएल	182	328.21	-
4.	2021-22	मध्य प्रदेश	मोडवानी बांध इको-पार्क, एनसीएल	365	400.00	-
5.	2021-22	मध्य प्रदेश	निगाही इको-पार्क, एनसीएल	180	97.86	-
6.	2021-22	मध्य प्रदेश	बाल गंगाधर तिलक इको-पार्क, डब्ल्यूसीएल	166	255.00	-
7.	2021-22	तमिलनाडु	खान-II इको-पार्क, एनएलसीआईएल	365	287.82	-
8.	2022-23	झारखंड	नेताजी सुभाष चंद्र बोस इको-पार्क, बीसीसीएल	730	20.45	-
9.	2022-23	झारखंड	गोवर्धन इको-पार्क, बीसीसीएल	730	22.70	4.31
10.	2022-23	ओडिशा	चंद्रशेखर आजाद इको-पार्क, एमसीएल	387	278.00	-
11.	2022-23	ओडिशा	उत्कल उपवन, एमसीएल	270	168.00	-
12.	2022-23	पश्चिम बंगाल	मधुवन ऊर्जा वाटिका, ईसीएल	120	73.76	21.48
13.	2022-23	तेलंगाना	जीके ओसी इको-पार्क, एससीसीएल	730	474.00	-
14.	2023-24	महाराष्ट्र	नीम वाटिका इको-पार्क, डब्ल्यूसीएल	227	88.00	8.80
15.	2023-24	उत्तर प्रदेश	सीएस आजाद इको-पार्क, एनसीएल	730	1161.14	-

अनुबंध-II

कोयला/लिग्नाइट पीएसयू द्वारा स्थापित किए जाने वाले नए इको-पार्कों का अनुमानित धनराशि सहित ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	राज्य	नए इको-पार्क का नाम	अनुमानित धनराशि (लाख रु. में)
1.	छत्तीसगढ़	मानिकपुर इको-पार्क, एसईसीएल	1111.00
2.	छत्तीसगढ़	इको नेचर पार्क, एसईसीएल	2464.00
3.	छत्तीसगढ़	ऑक्सीजन पार्क, एसईसीएल	210.00
4.	झारखंड	बीएंडके इको-पार्क, सीसीएल	252.00
5.	झारखंड	ढोरी इको-पार्क, सीसीएल	1233.00
6.	झारखंड	कथारा इको-पार्क, सीसीएल	409.00
7.	झारखंड	पिपरवार इको-पार्क, सीसीएल	909.00
8.	झारखंड	सीआरएस बरकाकाना इको-पार्क, सीसीएल	143.00
9.	झारखंड	बरका-सयाल इको-पार्क, सीसीएल	737.00
10.	झारखंड	हज़ारीबाग़ इको-पार्क, सीसीएल	1196.00
11.	झारखंड	एन के इको-पार्क, सीसीएल	287.00
12.	झारखंड	नेताजी सुभाष चंद्र बोस इको-रेस्टोरेशन पार्क, बीसीसीएल	14.40
13.	मध्य प्रदेश	ब्लॉक-बी इको-पार्क, एनसीएल	1200.00
14.	मध्य प्रदेश	बटरफ्लाई पार्क, एनसीएल	400.00
15.	ओडिशा	जगन्नाथ वाटिका, एमसीएल	600.00
16.	राजस्थान	बरसिंगसर परियोजना इको-टूरिज्म पार्क, एनएलसीआईएल	147.80
17.	तेलंगाना	श्रीरामपुर ओपन कास्ट-II इको-पार्क, एससीसीएल	50.00
18.	उत्तर प्रदेश	खाडिया इको-पार्क, एनसीएल	400.00
19.	पश्चिम बंगाल	झांझर इको-टूरिज्म पार्क, ईसीएल	1051.00

*****